Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Saroj Shri Tufani

Title: Need to enquire into allegations of irregularities in the construction and widening of Azamgarh-Gazipur road in Uttar Pradesh.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : अध्यक्ष महोदय, यह केंद्रीय सरकार के अधीन है । मैं आपका ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थित आजमगढ़-गाजीपुर राजकीय सड़क की ओर आकृट करना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली इस सड़क को केंद्रीय सरकार की योजना के तहत चौड़ा किया जा रहा है, जिसका सारा खर्च विश्व बैंक उठा रहा है । सरकार की योजना इस सड़क को 7 मीटर चौड़ा करने की है । आजमगढ़ से बिरनो पुलिस थाना (जनपद गाजीपुर) तक की लगभग 60-62 कि.मी. लंबी इस सड़क को चौड़ा करने का ठेका 78 करोड़ रुपये में दिल्ली के किसी *(Not recorded)* ठेकेदार को दिया गया है ।

MR. SPEAKER: Name will not be there.

श्री तूफानी सरोज : इस सड़क को 7 मीटर चौड़ा करने के साथ-साथ सड़क पर 3 कोट के पिच का काम करने का सरकार का निर्देश है । आजमगढ़ से चिरैयाकोट बाजार (जनपद मऊ) तक इस सड़क को सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 7 मीटर चौड़ा तो बनाया गया है पर चिरैयाकोट के बाद उस सड़क की चौड़ाई जानबूझ कर कम कर दी गई है । चिरैयाकोट के बाद संबंधित ठेकेदार ने उक्त सड़क की चौड़ाई को 7 मीटर की जगह मात्र साढ़े पांच मीटर कर दिया है । यही नहीं सरकारी आदेश का खुला उल्लंघन कर सड़क पर तीन कोट पिच करने की जगह मात्र एक कोट ही पिच किया जा रहा है । इस तरह ठेकेदार, सरकार एवं विश्व बैंक के धन को लूट तो रहा है, सरकार की योजना को भी असफल करने में लगा हुआ है ।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि वह इस सड़क के निर्माण कार्य की तत्काल जांच कराए और उक्त सड़क के निर्माण में की जा रही अनियमितता के लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ।